अभ्यास पत्र - II

विषय - हिंदी

माह - जनवरी

कक्षा - नवीं

(एस.ए. II के व्याकरण पाठ्यक्रम पर आधारित)

प्रश्न-1:- वर्ण - विच्छेद कीजिए:-

(i) वर्तमान (ii) नास्तिक (iii) सर्वत्र (iv) प्रकाश (v) वैज्ञानिक

प्रश्न 2:- वर्णों के मेल से शब्द निर्माण कीजिए:-

(i) स् + अ + म् + प् + आ + द् + अ + न् + अ = ______

(ii) स् + अ + ह् + आ + न् + उ + भ् + ऊ + त् + इ = ______

(iii) क् + अ + स् + औ + ट् + ई = ______

(iv) म् + ऊ + र् + ख् + अ = ______

(v) म् + ऋ + त् + य् + उ = ______

प्रश्न-3 क) निम्नलिखित शब्दों में उपयुक्त स्थान पर अनुस्वार लगाइए:-

(i) घमण्डी (ii) सम्भव (iii) सम्बन्ध (iv) रङ्गीन (v) हिन्दी

ख) उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके लिखिए:-

(i) नदिया (ii) ऊट (iii) टाग (iv) महगा (v) चाद

प्रश्न-4. उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग करके लिखिए:-

(i) पीजा (ii) डिवीजन (iii) जीरो (iv) कॉफी (v) जमीन

प्रश्न-5. क) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए:-

(i) सु + आगत (ii) गज + आनन (iii) अति + अधिक

(iv) कार्य + आलय (v) पीत + अंबर

ख) निम्नलिखित शब्दों का संधि - विच्छेद कीजिए:-

(i) कारावास (ii) सत्याग्रह (iii) छात्रालय (iv) शुभारंभ

(v) दयानंद

प्रश्न-6. उचित विराम चिह्न लगाइए:-

(i) सायंकाल का समय था

(ii) इंदु ईशा सखि और विभूति पढ़ रही हैं

(iii) सुनीता ने कहा मैं आज घ नेपाल पहुँच जाऊँगी

(iv) अरे तुम कहाँ चले गए थे

(v) काम करते रहना ही जीवन है आलस्य तो रोग है

प्रश्न-7 क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग अलग करके लिखिए:-

(i) अनुमान (ii) प्रवेश (iii) परिवर्तन (iv) अनगिनत (v) विवाद

ख) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए:-

(i) शांतिपूर्ण (ii) मलिन (iii) धार्मिक (iv) मासिक (v) स्वतंत्रता

ग) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द, उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए:-

(i) अपमानित (ii) बेकारी (iii) ईमानदारी (iv) परिपूर्णता

(v) बेपरवाही

प्रश्न-8. देश में बढ़ती महँगाई पर हुई बातचीत को लगभग 50 शब्दों में संवाद के रूप में प्रस्तुत कीजिए। बातचीत दो मित्रों के बीच हो रही है।

प्रश्न-9:- 'श्रीराम वाटिका' विवाह व पार्टी स्थल के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। शब्द सीमा 20-25 शब्द है।

प्रश्न-10. अभ्यास के लिए किन्हीं पाँच चित्रों को ध्यानपूर्वक देखकर उनके बारे में लिखिए।